(ख) यदि हां, तो उसके लिए उत्तरदायी अधिकारियों और अन्य व्यक्तियों के नाम क्या हैं ;

(ग) दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) भविष्य में ऐसी धांधलेबाजियों को रोकने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) कालकाजी पुलिस स्टेशन, नई दिल्ली में दर्ज मामला संख्या 666192 में अपैरल निर्यात संवर्धन परिषद के किसी अधिकारी या कर्मचारी के फंसे होने के बारे में अभी तक कोई संकेत नहीं मिला है । तथापि, शिकायत में नौ निर्यातक फर्मों के नामों का उल्लेख किया गया है । ये फर्में हैं :—

मै० टिकीज बाउटिक ।
मै० शुभम बाउटिक ।
मै० प्रोग्रैसिव अपैरल्स ।
मै० नील फैशन्स ।
मै० मदन एक्सपोर्ट्स ।
मै० नवीन ओवरसीज ।
मै० काटन एक्सप्रैस ।
मै० ड्रैस इंटरनेशनल ।
मै० गिमीज एक्सपोर्ट्स ।

अपैरल निर्यात संवर्धन परिषद ने निर्यात-आयात नीति के उपबंधों के अनुसार दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कदम उठाए हैं ।

(घ) अपैरल निर्यात संवर्धन परिषद ने अपनी प्रमाणन प्रक्रिया का पुनरीक्षण किया है । परिषद ने निर्यात प्रमाण-पत्रों, बीमा प्रमाण-पत्र आदि को प्रत्याभूति कागज पर मुद्रित करने का कार्य भी शुरू किया है । ऐसी आशा है कि इन उपायों से भविष्य में ऐसे अनाधिकृत निर्यात की पुनरावृत्ति नहीं होगी ।

Export of Carpets and Silk Goods

3550. SHRI H. HANUMANTHAPPA : Will the Minister of TEXTILES be pleased to state ;

(a) whether he is aware that the Ayodhya incidents and pilots' strike have adversely affected the export of carpets and silk goods from the eastern Uttar Pradesh;

(b) if so, what steps have bean taken by Government to dispose of the carpets and silk goods piled up with the exporters since the buyers from foreign countries avoid visiting India and are directly going to Nepal and Pakistan to purchase the carpets; and

(c) what are the estimated losses suffered, and the steps taken to immediately dispose of the piled up goods with the exporters ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY) : (a) No reports of any adverse effect of Ayodhya incidents and pilots strike on the export of carpets and silk goods from eastern Uttar Pradesh have come to the notice of Government.

fb) and (c) Does not arise.

जनता कपड़े के उत्पादन का रोका जाना

3551. श्री सोमपाल : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार जनता कपड़े के उत्पादन को रोकने का विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और उसका आधार क्या है; और

(ग) गरीब जनता को कपड़ा प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) :

(क) ऐसा प्रस्ताव है कि जनता कपड़े के उत्पादन को धीरे-धीरे समाप्त किया जाए

(ख) लघु, छोटे और ग्रामीण उद्योगों को सुदृढ़ करने और उनके संवर्धन के लिए बनाई गई औद्योगिक नीति के अनुसार और साथ ही सरकार की सब्सिडी योजनाओं को धीरे-धीरे समाप्त करने की नीति के अनुसार जनता कपड़ा योजना को समाप्त किया जा रहा है ।

(ग) विभिन्न वित्तीय उपायों के माध्यम से लोगों को उचित मूल्यों पर कपड़ा उपलब्ध कराने का प्रयत्न करते है। इन वित्तीय उपायों में हथकरघा क्षेत्र में आवश्यक सूत पर रियायती शुल्क और सिन्थेटिक फाइबर्स और सिथेटिक यार्न पर वित्तीय सहायता देना शामिल है ।

भारतीय कपास निगम द्वारा कपास के निर्यात का एकाधिकरण

3552. डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :
श्री राम जेठमलानी :

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में कपास का वार्षिक आवश्यकता से अधिक उत्पादन होने की स्थिति में, कपड़ा उत्पादकों को लाभकारी मूल्य दिलवाने के लिए कपास का निर्यात किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि अभी तक इस वस्तु के निर्यात पर केवल भारतीय कपास निगम का एकाधिकार है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार कपास उत्पादकों को अधिकतम मूल्य दिलाने हेतु भारतीय कपास निगम के एकाधिकार को निर्यात का विकेन्द्रीकरण करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो उस क्या कारण है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) :

(क) सरकार का निर्यात के लिए कपास को रिलीज करने का उद्देश्य, देशी बाजार में कीमतों को स्थिर रखना, कपास उपजकर्ताओं को लाभप्रद कीमतें प्रदान करना तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कपास के एक स्थाई सप्लाईकर्ता के रूप में भारत की उपस्थिति को बनाए रखना रहा है ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) कपास के निर्यात को पहले से ही गैर-संरणीकृत कर दिया गया है ।

(घ) उपरोक्त (ग) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

Grants to Sasmira

3553. SHRI SURINDER KUMAR SINGLA :
DR. SHRIKANT RAMACHANDRA JICHKAR :

Will the Minister of TEXTILES be pleased to state :

(a) what are the details of the total Government grants given to the Silk and Art Silk Mills Research Association, Bombay;

(b) whether any cost benefit analysis of such grants have been done, recently, if so, the details thereof; and

(c) what is the research value of all the research done by SASMIRA ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKATA SWAMY) : (a) The grants released to SASMIRA during the last 3 years as under :

1989-90—Rs. 55.13 lakhs.
1990-91—Rs. 74.16 lakhs.
1991-92—Rs. 95.25 lakhs.

(a) No, Sir.

(c) SASMIRA has been rendering technical service to decentralised and the organised sectors of the Textile industry in and around Bombay. Most of the weaving units